

एक नजर में

## विश्व की हर समस्या का समाधान रामचरितमानस में है : पं .राजेंद्र द्विवेदी





**कुक्षी।** नगर में चल रही नव दिवसीय श्रीराम कथा का समापन आज शनिवार को वैदिक मन्त्रोंच्चारण के साथ कथाचार्य पं .राजेंद्र द्विवेदी ने यज्ञ हवन आरती कर किया। इस मौके पर आयोजक दातारही बीसी रूप यजमानों ने आध्यात्मिक वातावरण में सामूहिक आहुतियां देते हुए सभी के मंगल की कामना करते हुए सामूहिक पूर्णाहुति दी .इसके पूर्व कल संध्या की कथा में कथाचार्य ने रामचरित मानस के माता सीता के विवाह उपरांत घर आगमन प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा की घर में बहू आ जाए तो माताजी को ब्यूटी पार्लर जाना बंद कर देना चाहिए, घर मे शांति चाहते हो इज्जत चाहते हो बहु के हाथों का खाना चाहते हो तों जो माता सुमित्रा ने सीताजी को मुंह दिखाई मे राम को सौंप दिया था वैसे ही आप भी अपने बेटे को विवाह के बाद अपनी बहु को सौंप दे देना चाहिए वह अब उसकी अमानत है,विवाह से पहले संतान पर माँ का अधिकार है और विवाह के बाद संतान पर माँ की तुलना में पत्नी का अधिकार ज्यादा होता है जो माँ अधिकार नहीं छो?ती है बहु उस पर कब्जा करना शुरू कर देती है . शांति त्याग में है शांति भोग में नहीं जितना आप त्यागी बनोगे अपने आप शांत रहोगे .विश्व की हर समस्या का समाधान रामचरितमानस में है . यज्ञ पूर्णाहुति के मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र सेठ गुप्ता,बाबूलालजी गुप्ता,समरथ मल गुप्ता, कृष्णकांत गुप्ता,संतोष गुप्ता,डॉ राकेश गुप्ता,शैलेन्द्र गुप्ता,मनीष गुप्ता,मुकेश गुप्ता अमृतलालजी गुप्ता,सोहनलाल गुप्ता,विजय गुप्ता,रामेश्वर गुप्ता आदि के साथ मातृशक्ति मौजूद थी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाग मे नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा




**बाग** - स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ माननीय नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा 17 सितंबर 2025 को किया गया जो 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा । उसी के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाग मे 22 सितंबर 2025 को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा । जीस शिविर मे विशेषज्ञों द्वारा नि:शुल्क जांच एवं उपचार किया जाएगा । शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए डॉक्टर डॉक्टर वीरभद्र मुवेल विकासखंड चिकित्सा अधिकारी बाग ने बताया की स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के चलते यह नि:शुल्क शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 22 सितंबर 2025 को आयोजित होगा तथा 25 सितंबर 2025 को टाण्डा मे रहेगा इसमें विशेषज्ञों द्वारा जांच एवं उपचार किया जाएगा । इसमें खासकर हड्डी रोग,स्त्री रोग,मेडिसिन,शिशु रोग,नेत्र रोग,दंत रोग, आदि विशेषज्ञों की टीम रहेगी । इसके लिए हमारे द्वारा प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है ।ताकि ज्यादा से ज्यादा हितग्राही इसका लाभ ले सकें इसके लिए सभी आशा कार्यकर्ता सीएच ओ, एएनएम समस्त आशा पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ग्रामीण क्षेत्रों मे प्रचार प्रसार करने और उपचार के लिए हितग्राहियों लाने के लिए आदेशित किया गया है । सभी हितग्राहियों से अपील भी की गई विकासखंड चिकित्सा अधिकारी मुवेल द्वारा की शासन के इस शिविर का सभी हितग्राही ज्यादा से ज्यादा लाभ ले । साथ ही यहां जांच उपचार के बाद बहार भी रेफर किया जाएगा ताकि उसका समय पर सही उपचार हो सके ।

## बालक आश्रम में बिजली संकट, बच्चों की बढ़ी पर

**सरदारपुर।** अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम सरदारपुर में कल दोपहर से बिजली नहीं है । सूचना मिलते ही मैं तत्काल निरीक्षण हेतु पहुँचा । वहाँ उपस्थित बच्चों से जानकारी लेने पर यह तथ्य सामने आया कि पूरी रात बच्चों को बिना पंखे और रोशनी के रहना पड़ा । मच्छरों के कारण बच्चों को काटने से बीमारी फैलने और जनहानि जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न होने की आशंका बनी हुई है । जब मैंने इस संबंध में स्थ्रस्रअधिकारी से फोन पर बात की तो उनका कहना था कि आश्रम प्रबंधन ने अब तक बिजली का स्थायी कनेक्शन नहीं लिया है और कई बार पत्र व्यवहार भी किया जा चुका है । वर्तमान में यह आश्रम मॉडल स्कूल से अस्थायी रूप से कनेक्शन लेकर चल रहा है, जबकि विभाग ने फुल डिपॉजिट कनेक्शन लेने की बात कही थी, जिसके पैसे अभी तक जमा नहीं किए गए। यह अत्यंत गंभीर और लापरवाही का मामला है। मासूम बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन से खिलवाड़ करने का जिम्मेदार आखिर कौन है ? प्रशासन और संबंधित विभाग को तत्काल इस समस्या का स्थायी समाधान करना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।

## गायत्री शक्तिपीठ मनावर में धूमधाम से मनेगा शारदीय नवरात्र का पर्व

**मनावर .** गायत्री शक्तिपीठ मानव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा शक्तिपीठ द्वारा इस वर्ष नवरात्र में रचनात्मक प्रक्रियाओं का समागम देखा जा सकता है नवरात्र इस वर्ष 10 दिनों तक मनाया जाएगा इस अवसर पर नवरात्र में प्रत्येक दिन प्रात काल से ही ध्यान साधना जब एवं नव कुण्डीय हवन का क्रम चलाया जाएगा एवं हर शाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा तथा अन्य प्रत्येक दिवस विशेष आयोजन करने की योजना बनाई गई है नवरात्र का पर्व दिनांक 22 से सितंबर से 1 अक्टूबर को पूर्ण आहुति के के साथ संपन्न किए जाएंगे पटेल कॉलोनी मनावर गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं का श्रम एवं सजावट में विशेष योगदान प्रत्येक वर्ष देखा गया है तथा इस वर्ष राकेश पाटीदार, आशीष गोराना ,महाजन व पटेल बंधु पार्षद लोकेश मुकाती सहित कॉलोनी के सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग मिल रहा है तथा ट्रस्ट प्रबंधन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है,

## पावागढ़ माताजी की अखंड ज्योत के साथ भक्त पहुंचे बाकानेर विश्राम की उत्तम व्यवस्था से श्रद्धालु हुए अभिभूत

**बाकानेर**-हाथों में लाल केसरिया झंडा और पावागढ़ से ला रहे माता के अखंड ज्योति लेकर चल रहे हैं सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था इन दोनों श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में विश्राम के लिए आ रहे हैं खंडवा खरगोन एवं धार जिले के श्रद्धालु 350 किलोमीटर की यात्रा तय कर अपने गांव पहुंच रहे हैं। यह परंपरा कई वर्षों से चल रही है। श्रद्धालुओं की मां अंबे के प्रति आस्था और श्रद्धा का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि सभी श्रद्धालु पावागढ़ से माता की ज्योत लेकर नंगे पांव अपने-अपने गांव पहुंच रहे हैं जहां पहुंचकर माता की घट स्थापना कर अखंड ज्योत नव दिनो के लिए जलाते हैं श्रद्धालु नरेंद्र यादव ने बताया कि हम प्रतिवर्ष श्राद्ध पक्ष में पावागढ़ पहुंच जाते हैं और वहां से माता की अखंड ज्योत लेकर अपने गांव पहुंचते हैं प्रत्येक जत्थे में लगभग 50 श्रद्धालु शामिल रहते हैं जिनकी भोजन व्यवस्था स्वंय साथ में लेकर चलते हैं प्रतिवर्ष श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर बाकानेर में बड़ी संख्या में माता की ज्योत लेकर पैदल यात्री विश्राम के लिए मंदिर परिसर में पहुंचते हैं जिनकी ठहरने की व्यवस्था मंदिर समिति द्वारा की जाती है। माता भक्तों द्वारा रात्रि में भजन एवं आरती का आयोजन किया जाता है। रात्रि विश्राम के पश्चात सुबह 4:00 बजे से श्रद्धालु अपने-अपने स्थान के लिए निकल पड़ते हैं। लगभग 350 किलोमीटर की नंगे पांव पैदल यात्रा श्रद्धालु बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ करते हैं जय माता दी की जय मां अंबे के उद्घोष के साथ बिना थके चलते रहते हैं नवरात्रि महोत्सव सोमवार से प्रारंभ हो जाएगा माता की ज्योत लेकर सोमवार सुबह तक सभी माता भक्त श्रद्धालु अपने-अपने स्थान पर पहुंच जाएंगे।





# तारक मेहता फैन व डांस प्रतियोगिता का आयोजन

**आज होगी फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता**

**धार।** अग्रवाल समाज धार द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 के तहत चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार रात महिलाओं व बालिकाओ के लिए अग्रवाल बालिका मंडल के तत्वाधान में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज की बालिकाओं सहित महिलाओं ने सुंदर डांस की प्रस्तुति मंच पर दी गई डांस प्रतियोगिता में मिनी जूनियर बालिकाओं में प्रथम भवी अंकित अग्रवाल,द्वितीय लविषा सुमित अग्रवाल

बालकों में प्रथम प्रग्यान विनय मोदी,सब जूनियर बालिकाओं में प्रथम मिशिका कपिल मालक,द्वितीय आरवी रवि मित्तल,बालकों में प्रथम भाग्य अनूप सिंघल,जूनियर बालिकाओं में प्रथम अंशिका राम मित्तल,सीनियर बालिका एवं महिलाओ में प्रथम रितिशा अजय गर्ग,द्वितीय ईशा साकेत अग्रवाल और मेघा यश अग्रवाल रहे वही थाली सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम हिमांशी हर्षित गुप्ता,द्वितीय प्रियंका विकास गर्ग,एवं गुनगुन विकास अग्रवाल विजेता रहे,

जिसके बाद अग्रवाल बालिका मंडल द्वारा बिगेस्ट फैन आफ तारक मेहता का उल्टा चश्मा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 4 फेस में 24 टीम ने भाग लिया जिसमे प्रतिभागियों से तारक मेहता का उल्टा चश्मा के कैरेक्टर पर सवाल जवाब पूछे जिसमें प्रथम सिद्धार्थ अग्रवाल एवं लोकेश अग्रवाल, द्वितीय ख्याति उमेश लोहिया एवं गुनगुन विकास अग्रवाल रहे।

इसके बाद शनिवार को अग्रवाल बालिका मंडल धार द्वारा गमला पेंटिग प्रतियोगिता, आईक्यू टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम अग्रवाल समाज के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति के संयोजक केशव अग्रवाल, सचिव आयुष सांघी,अग्रवाल बालिका मंडल की राधिका सतीश गुप्ता,सलोनी मनोज अग्रवाल,प्रकृति गोपालदास अग्रवाल, साकेत अग्रवाल,मधुर अग्रवाल,राजेश अग्रवाल,सौरभ अग्रवाल,गौरव सांघी,दीपेश बिंदल,प्रणय मोदी,अजय अग्रवाल,अंकित गोयल,पीयूष अग्रवाल,आनंद मित्तल,नितिन मालक,नितेश अग्रवाल,रवि मित्तल,पारस अग्रवाल,सावन अग्रवाल,आयुष अग्रवाल,आशीष अग्रवाल,पुनीत गोयल,पंकज अग्रवाल,प्रिंस गोयल,वैभव अग्रवाल,राहुल अग्रवाल सहित समाजजन मौजूद थे ।उक्त जानकारी मीडिया श्याम मंगल लेब? ने दी ।रविवार को होने वाले कार्यक्रम अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति द्वारा रविवार को किला मैदान में दौड़ प्रतियोगिता, धीमी साइकिल रेस प्रतियोगिता, तेज साइकिल रेस प्रतियोगिता, तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता जिसका विषय इस सदन की राय में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ,द्ध इंसानों की नौकरी छीन लेगा। वही अग्रसेन चौक को शाम को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

# शादियों में डीजे, ढोल-ढमाके, नाच गाना, आतिशबाजी व दहेज प्रथा पूर्ण रूप से प्रतिबंधित

**कुरैशी समाज के कार्यक्रम में इस्तेमाई शादी आयोजन के साथ कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए**

**मनावर नि** प्र. । समाज की बेहतरी, सुधार हेतु ओर समाज मे बुराईयाँ व पिछडेपन को दूर करने के लिए छह जिला कुरैशी जमाअत एवं मनावर जमाअत के तत्वाधान मे 17 सितंबर बुधवार रात्रि को धार जिले के मनावर शहर मे इजलास कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ । उक्त कार्यक्रम मे पूर्वी पश्चिमी निमाड क्षेत्र की 25 कुरैशी जमाते सहित बड़ी संख्या मे समाजजन मौजूद थे।

सरपरस्तो ओर पदाधिकारियों का किया स्वागत-छह जिला कुरैशी जमाअत मिडिया प्रभारी रफीक कुरैशी ने जानकारी देते हुवे




बताया की मनावर जमात खाना पर हुवे कार्यक्रम का आगाज कुरआन पाक की तिलावत से किया गया ओर नआत पाक भी सुनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता छह जिला जमाअत सदर हाजी अब्दुल वहीद कुरैशी ने की । कार्यक्रम मे छह जिला जमाअत के सरपरस्त, छह जिला, जिला जमात एवं मकामी जमात के पदाधिकारियों का हार-फुल माला पहनाकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे सदर हाजी अब्दुल वहीद कुरैशी ने कहा की आयोजित इजलास का मुख्य उद्देश्य समाज की एकता, शिक्षा, स्वास्थ्य, बेहतरी के लिए काम कर समाज की बुराइयों ओर पिछ?पन को दूर करना है। समाज मे इस्तेमाई शादी आयोजन की रुपरेखा तैयार की जा रही है ।उन्होंने कहा की जमातो से आए हुवे सभी प्रस्तावो को शीघ्र ही अंतिम रूप दिया जाकर लागु किया जाएगा। छह जिला पूर्व सदर रहीस कुरैशी ने समाज की मजबूती ओर एकता पर जोर देते हुवे समाजजनो को संगठित रहने का आह्वान किया। सरपरस्त हाजी सगीर कुरैशी ने छह जिला जमाअत के कार्यक्रमो की रुपरेखा विस्तार से बताई, वही छह जिला सेकेट्री एजाज कुरैशी ने बनाए गए नियमों को समाज के सामने रखा। कार्यक्रम का संचालक छह जिला जयॉइंट सेकेट्री हफीज कुरैशी ने किया एवं आभार मनावर जमाअत सदर हाजी जावेद कुरैशी ने माना। कार्यक्रम मे सहभोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत मे दुआएं खेर कर समापन किया गया । कार्यक्रम की सफलता पर मनावर जमाअत के वरिष्ठजनो ओर युवाओं का सराहनीय योगदान रहा ।



# विकासखंड बाग में 15 से अधिक आयु वर्ग के अक्षासरों की मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की

**3026 अक्षासरो में से 1238 पुरुष 1055 महिलाओ ने पढ़ना लिखना संख्यात्मक ज्ञान मुल्यांकन परिक्षा दी**

**बाग** - उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन के तहत आज विकासखंड बाग में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों की मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई उपरोक्त जानकारी देते हुए साक्षरता मिशन बाग के विकासखंड प्रभारी दिनेश बघेल ने बताया की 98 मूल्यांकन केंद्रों पर लक्षित 3026 असाक्षरों में से 1238 पुरुष 1055 महिला कुल 2293 असाक्षरों के द्वारा पढ़ना लिखना संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा दी गई शिक्षकों द्वारा पढ़ना लिखना संख्यात्मक ज्ञान के पेपरों का मूल्यांकन कर ऑनलाइन इंट्री का कार्य किया जा रहा है इस अभियान में 308 अक्षर साथियों के द्वारा सामाजिक चेतना केंद्रों पर साक्षरता कक्षा का संचालन किया जा रहा है। बीआरसीसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया की परीक्षा की सामग्री विभाग द्वारा गुरुवार को जिले पर प्रदान की गई जिसका वितरण ब्लॉक स्तर पर संकुल साक्षरता समन्वयक को किया गया और आज शनिवार 20 सितम्बर को विकासखंड बाग में मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई परीक्षा की समन्वय, संचालन एवं देखरेख के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया गया जिसका प्रभारी पृथ्वीराज चौहान और परम सिंह चौहान को बनाया गया था। मूल्यांकन परीक्षा का निरीक्षण हरजी मुकाती किशोर भाभर विजेंद्र कुशवाहा नारायण रावत भेरू सिंह जमरा भुवान चौहान पहाड़ सिंह बघेल करण सिंह मिनावा सभी जनशिक्षक किशोर गारद रुमाल सिंह जमरा दिनेश अगल्चा सुखराम भूरिया दीप सिंह डावर राय सिंह अनारे इदरीस खान ब्रजेश शर्मा जितेंद्र भिड़े नरसिंह महेडा प्रेम सिंह मंडलोई जगन मंडलोई रमेश रावत नाहर सिंह डोरिया कालू मोरी भययू लाल सोलंकी साक्षरता समन्वयक और संकुल प्राचार्यों के द्वारा किया गया।

# एनसीसी कैडेट्स द्वारा पीएम मोदी का किया स्वागत

**धार .** दिनांक17 सितंबर 2025 को पीएम मित्र पार्क में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ डायरेक्टेड भोपाल के निर्देश अनुसार 21 बटालियन एनसीसी रतलाम के अंतर्गत शासकीय पीजी कॉलेज बड़नगर, शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल मुल्थान और शासकीय सांदीपनि नंदराम चोपड़ा हाई सेकेंडरी स्कूल बदनावर के 51 कैडेट ने सहभागिता की जिसमें कैडेट्स सिकल सेल मित्र के रूप में शामिल हुए कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र





मोदी ने के विकसित भारत विजन के तहत आयोजित किया गया पीएम मित्र मेगा पार्क प्रोग्राम में स्वास्थ नारी , स्वस्थ परिवार और राष्टीय पोषण महा कैंपिंग के रूप में कार्यक्रम में भैसोला में किया गया सिकल सेल मित्र के रूप में कैडेट्स समाज में जागरूकता फैलाने और लोगों को सिकल सेल रोग के बारे में शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे सिकल सेल मित्र के रूप में अपने-अपने क्षेत्र में जाकर लोगों को सिकल सेल और थैलेसीमिया के बारे में जागरूक करेंगे उनके लक्षणों कारणों और उपचार के बारे में जानकारी देंगे वे लोगों को इन बीमारियों के बारे में शिक्षित करेंगे और उन्हें पास के अस्पतालों और डॉक्टर से संपर्क करने में मदद करेंगे इनसे लोगों को उपचार मिलने से मदद मिलेगी इन बीमारियों के प्रभाव को कम करने में भी मदद मिलेगी एनसीसी कैडेट्स समाज सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्य कर रहे हैं .

एक नजर

**दस दिवसीय शारदीय नवरात्र, हाथी पर आएंगी मां**

# इस नवरात्र में सूर्य ग्रहण का कोई प्रभाव नहीं होगा, क्योंकि यह भारत में दृश्य नहीं



**धार** - इस बार शारदीय नवरात्र दस दिनों का होगी जो 22 सितंबर से आरम्भ होकर 2 अक्टूबर को विजयदशमी के साथ समाप्त होगी ।इस संदर्भ में मालवा के प्रसिद्ध ज्योतिष गुरु डॉ. अशोक शास्त्री के अनुसार माता का आगमन हाथी पर होगा जो सुख-सौभाग्य का प्रतीक है और प्रस्थान मनुष्य की सवारी पर होगा। चतुर्थी तिथि की वृद्धि के कारण नवरात्र दस दिनों की होगी ।डॉ. अशोक शास्त्री के मुताबिक् यह सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा, किसी भी ग्रहण का प्रभाव तभी मान्य होता है जब वह उस क्षेत्र दिखाई दे । चूँकि यह ग्रहण भारत में दृश्यमान नहीं होगा ।इसलिए इसका यहाँ के धार्मिक कार्यों, पूजा पाठ या त्योंहारों पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा । इसलिए इस सूर्य ग्रहण को लेकर बिल्कुल भी चिंतित न हों ।आप पूरी श्रद्धा और उत्साह से नवरात्रि के सभी अनुष्ठान नि:संकोच करे ।

डॉ. अशोक शास्त्री का कहना है कि ज्योतिषीय दृष्टि से नवरात्र के दिनों में वृद्धि को शुभ माना जाता है। इससे पहले द्वितीया तिथि की वृद्धि के कारण 2016 में शारदीय नवरात्र दस दिनों की थी ।

आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 29 सितंबर की सायं 4:31 बजे से लगेगी। इसलिए महाष्टमी 30 सितंबर को होगी। एक अक्टूबर का महानवमी का व्रत किया जाएगा। केवल प्रतिपदा और अष्टमी का व्रत करने वाले व्रती एक अक्टूबर को व्रत का पारण करेंगे, जबकि पूरे नौ दिनों का अनुष्ठान करने वाले विजयदशमी के दिन दो अक्टूबर को व्रत का पारण करेंगे। एक अक्टूबर को महानवमी का व्रत होगा। उसी दिन कन्या पूजन, अपराजिता, शमी पूजन तथा हवन के साथ अनुष्ठानों की पूर्णाहुति होगी। विजयदशमी दो अक्टूबर को मनाई जाएगी।

**एक अक्टूबर को दोपहर 2 .37 बजे तक हवन**

, अगले दिन प्रात: विसर्जन डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया कि मूल नक्षत्र में मां का आह्वान किया जाता है, श्रवण नक्षत्र में विसर्जन होता है। इस बार महानवमी का व्रत करने के उपरांत नौ दिवसीय व्रत करने वाले साधक एक अक्टूबर को यावेत् नवमी के सिद्धांत के चलते दोपहर 2:37 बजे तक पूर्णाहुति हवन कर लेंगे। अगले दिन दो अक्टूबर को प्रात:काल 6:18 बजे के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा सकेगा । हाथी पर मां का आगमन देगा सुख-सौभाग्य डॉ. अशोक शास्त्री बताते हैं कि इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी, जो शुभ संकेत है। इसे अच्छी वर्षा और कृषि में वृद्धि का सूचक माना जाता है। दूध का उत्पादन बढ़ता है, साथ ही देश में धन धान्य की बढ़ोतरी होती है। माता का प्रस्थान मनुष्य की सवारी पर होगा।

**चतुर्थी की वृद्धि के चलते हो रही दिस दिनी नवरात्र**

डॉ. शास्त्री बताते हैं कि इस बार चतुर्थी तिथि की वृद्धि है। तिथि के दो दिन पड़ने के कारण इस बार नवरात्र दस दिनों का होगा। चतुर्थी तिथि 25 सितंबर व 26 सितंबर को भी रहेगी। 26 सितंबर को सूर्योदय के पश्चात प्रात:काल 6:48 बजे तक चतुर्थी होने के कारण उदयातिथि में 26 को भी चतुर्थी का मान होगा। पंचमी तिथि अगले दिन 27 सितंबर को 8:46 बजे रहेगी, अतएव उदयातिथि में पंचमी 27 सितंबर को ही मिलने के कारण पंचमी का 27 सितंबर को होगा।

28 सितंबर रविवार को सरस्वती पूजा 29 सितंबर सोमवार को सायंकाल किया जाएगा। इसी दिन रात्रि में निशा पूजन संपन्न होगी। महाष्टमी एवं महानवमी का व्रत एक ही साथ 30 सितंबर मंगलवार को होगा। दुर्गापाठ का पूजन एवं हवन एक अक्टूबर, बुधवार को दोपहर 2:37 बजे तक होगा। पूर्ण नवरात्र का व्रत रखने वाले लोग पारणा दो अक्टूबर गुरुवार को करेंगे तथा भगवती की प्रतिमा का विसर्जन भी दो अक्टूबर गुरुवार को प्रात:काल 6:18 बजे के बाद ही होगा।




# आगामी वर्ष का अनुमानित बजट किया पेश

**लाबरिया।** शनिवार 20 सितंबर को बहुउद्देसी सहकारी शाख समिति मर्यादित लाबरिया की वार्षिक आमसभा संस्था कार्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्षता ने शंकर लाल चौधरी ने की??, मुख्य अतिथि सरपंच पति रामेश ओसारी, अतिथि नारायण चौधरी कन्हैयालाल भगत सेवाराम नायक,प्रकाश रताजी, मदन लाल चौधरी थे। संस्था प्रबंध गोवर्धन पटेल, सहायक प्रबंधक शंकर लाल मारू??, लेखापाल जगदीश चंद्र मारू, ऑपरेटर मुकेश मारू, ऑपरेटर नवीन मारू, किशन मारु,अर्जुन मारू, दिनेश राठौर सुखराम मकवाना,समस्त स्टाफ शहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। अतिथि द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समस्त अतिथियों का पुष्प माला पहनकर स्वागत किया गया। संचालन विशाल जैन द्वारा किया गया। संस्था के लेखापाल जगदीश चंद्र मारु द्वारा आई व्यय का वाचन कर आगामी वर्ष का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया। किसानो द्वारा नगद खाद वितरण चालु करने, संस्था के पुराने भूखंड पर नवीन भवन निर्माण करने का प्रस्ताव रखा गया।वही किसानों को समान रूप फसल बीमा नहीं मिला और कहीं किसान इससे वंचित भी रह गए इस संबंध में उचित कार्रवाई की जावे। फसल बीमा से वंचित बोडिया पंचायत के किसानों ने आक्रोश व्यक्ति किया। इस अवसर पर इफको के मोनू राठौर एस.एफ.ए.द्वारा किसानों को नैनो युरिया, नैनो डीएपी के साथ ही सागरिका के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार नैनो उर्वरक के उपयोग से फसल लागत को कम कर सकते हैं और अधिक उत्पादन ले सकते हैं। पारंपरिक यूरिया डीएपी तथा अन्य रासायनिक खाद के उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है इस ओर किसानों को ध्यान देना पड़ेगा। अंत में आभार सहायक प्रबंधक शंकर लाल मारु ने माना।